27.11.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10pm

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री–स्काईरूट कैंपस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। श्री मोदी ने स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी नवाचार के लिए खोल दिया है, जिससे स्टार्टअप और उद्योग, देश के वैज्ञानिक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ मिलकर काम कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री मुरैना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब से कुछ देर बाद मुरैना में 70 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले आयुर्वेदिक महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन करेंगे। इस महाविद्यालय के अंतर्गत 100 बिस्तरीय चिकित्सालय का निर्माण भी किया जाएगा। इस चिकित्सालय के माध्यम से आसपास के लगभग 20 ग्रामों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोठ एवं अम्बाह और 19 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से निर्मित संयुक्त तहसील एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय मुरैना का लोकार्पण करेंगे।

वायु गुणवत्ता–प्रदेश

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के प्रमुख 7 नगरों में उच्च वायु गुणवत्ता स्तर बनाए रखने के लिए मौजूद समय के साथ ही दीर्घकालीन कार्ययोजना 30 नवम्बर तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय में कल नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वी.सी के माध्यम से भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, सागर तथा देवास के कलेक्टर, एस पी, और नगर निगम के आयुक्त भी सम्मिलित हुए।

एसआईआर प्रदेश

प्रदेश भर में एसआईआर का कार्य जारी है। कल भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव बिनोद कुमार ने 19 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन, 16 नगर पालिक निगम के कमिश्नर के साथ वर्चुअल बैठक कर दिशा–निर्देश दिए। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा सहित निर्वाचन सदन के अधिकारी उपस्थित रहे। कई जिलों से बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। झाबुआ जिले के बीएलओ रुमाल मेड़ा ने दिव्यांगता को चुनौती देते हुए 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है।

श्रम कानून प्रतिक्रिया

देश मे लंबे समय से प्रतीक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने 4 नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय

उपाध्यक्ष दीपक भंडारी ने श्रम कानूनों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वैश्विक औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के दौर में इन श्रम कानूनों की बड़ी भूमिका है।

<u>कुछ समाचार संक्षेप में –</u>

- भोपाल की खजूरी सड़क थाना पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर ट्रक की घेराबंदी कर तलाशी ली गई तो उसमे करीब एक करोड़ 20 लाख रुपए की 1200 पेटी अवैध शराब बरामद हुई।
- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य में शून्य प्रगति वाले 14 नोडल अधिकारियों के विरूद्ध आगामी आदेश तक वेतन रोके जाने की कार्यवाही की गई है।
- लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कल खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में मांधाता विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया। उन्होंने 18.81 करोड़ रुपये की लागत से बर्फानी आश्रम तक पहुंच मार्ग का भी शुभारंभ किया।